मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–12, जनवरी 2017

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**



## नव वर्ष की शुभकामनायें

नए साल 2017 के इस खुशी के अवसर पर, मैं आप सभी को सौहार्द, सफलता और समृद्धि की शुभकामनाएं व्यक्त करना चाहता हूँ। नये वर्ष के साथ एक नई सुबह की शुरुआत होती है और मैं इस समय को कुछ देर ठहर कर अपने पिछले सफर की ओर, अपनी उपलब्धियों और चुनौतियों को ध्यान में रखकर भविष्य की गाइडलाइन्स तय करने के लिए उचित समझता हूँ। साथ ही साथ हमें अपनी कंपनी और व्यक्तिगत तौर पर खुद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प करना चाहिए।

बीता वर्ष कामधेनु लिमिटेड के लिए नई उपलब्धियों भरा रहा। वर्ल्ड्स बेस्ट ब्रांड 2015 के साथ कामधेनु को एशिया का मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड 2016 और इंडियन पॉवर ब्रांड 2016 भी चुना गया। कामधेनु समाज के हर भाग की जरूरतों का ख्याल रखते हुए नए और श्रेष्ठ क्वालिटी उत्पाद उचित दामों पर निरंतर उपलब्ध कराता है। हमने एक ऐसी दुनिया का हिस्सा बनने का सपना देखा है जो असीमित सम्भावनाओं से भरी हो और मैं समझता हूँ कि सपने तभी सच होते हैं जब उन्हें कड़ी मेहनत से सच करने का हौंसला हो।

कामधेनु की सफलता जहाँ उसके मेहनती कर्मचारियों और साथियों की प्रबल इच्छाशक्ति की देन है वहीं कम कीमत पर हमारे उच्च क्वालिटी के उत्पाद बनाने की क्षमता भी है। दूर दृष्टि के साथ काम करने की प्रणाली हमेशा कंपनी के लिए एक जीत साबित हो सकती है। कंपनी के आंतरिक और बाहरी मामलों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए हम प्रोफेशनलिज़्म, ईमानदारी, निष्ठा और अच्छा नैतिक व्यवहार अपनाने में विश्वास करते हैं।

कामधेनु अपने उत्पाद पोर्टफोलियो की वैरायटी को मार्केट की जरूरतों के हिसाब से लगातार बढ़ाता रहता है जो कि हमारे विकास की रणनीति का एक हिस्सा रहा है।

बीता वर्ष सक्रिय रूप से आम जनता तक उनकी मांग के अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराने में सफल रहा है और हमारी कार्यशैली में भरपूर उल्लास की ओर भी संकेत करता है।

कामधेनु अपने सीएसआर इनिशिएटिव्स के तहत विभिन्न क्षेत्रों में तीव्रता से काम करता रहा है। उद्देश्य है भारत को हर दृष्टि से एक बेहतर जगह बनाना। कामधेनु जरुरतमंदों को शिक्षा, विकलांगों के मोटिवेशन, पर्यावरण संरक्षण आदि की दिशा में प्रयासरत् रहता है।

मौजूदा युग उच्च तकनीकी और तेजी से बदलाव की प्रवत्ति वाला युग है और यही वक्त है कि हम कुशल और प्रो–एक्टिव रहते हुए आगे बढ़ते रहें और अपने कस्टमर्स का भरोसा जीतते रहें। हालांकि यह चुनौतीपूर्ण है पर फिर भी मुझे विश्वास है कि हम सब अपने कौशल, योग्यता और संकल्प से कामधेनु को सफलता के नए शिखर पर पहुँचाने की काबिलियत रखते हैं। इसी के साथ एक बार फिर मैं आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। **स्वस्थ रहें, व्यस्त रहें, मस्त रहें।**



# अग्नि 4 और 5 से बढ़ी भारत की शक्ति

ठंड, छुट्टी और खुशियां दिसंबर और जनवरी का महीना कुछ यूँ ही बीतता है। लोग इस पल को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर न भूलने वाली खुशियों में बदल देते हैं। इस पल को याद करते ही उनके चेहरों पर मुस्कुराहट आ जाती है। दिसंबर और जनवरी के महीने में कुछ ऐसा ही पल आया जब भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दो मिसाइलों का सफल परीक्षण किया और देशवासियों को सुरक्षा के साथ खुश होने का अनूठा अवसर दिया। डीआरडीओ ने 26 दिसंबर 2016 को अग्नि–5 और 1 जनवरी 2017 को अग्नि 4 का सफल परीक्षण किया।

परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम अग्नि–5 की मारक क्षमता 5000 किलोमीटर है। इस परीक्षण के साथ भारत अंतर महाद्विपीय मिसाइल विकसित करने वाले देशों की सूची मे शामिल हो गया। पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से निर्मित इस मिसाइल के साथ भारत अंतर महाद्वीपिय मिसाइल की क्षमता हासिल करने वाले कुछ देशों के समूह में शामिल हो गया। अब तक सिर्फ रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन के पास ही अंतर महाद्वीपिय मिसाइल विकसित करने की तकनीक थी। वहीं डीआरडीओ ने 1 जनवरी को अग्नि–4 का भी सफल परीक्षण किया। अग्नि–4 भी परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता 4 हजार किलोमीटर है। इन दोनों मिसाइलों के सफल परीक्षण के साथ भारत की रक्षा शक्ति में बढ़ोत्तरी तो हुई साथ ही भारत ने अपने सामरिक प्रतिद्वंदियों को अपनी शक्ति का प्रमाण भी दिया।




देश में डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने 30 दिसंबर को फोन आधारित भीम (Bharat Interface For Money) ऐप लाँच किया। भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखे गए इस ऐप की खास बात यह है कि इसके द्वारा इंटरनेट के बिना भी पैसे को लेन–देन किया जा सकता है। भीम ऐप में लेन–देन के लिए तीन विकल्प दिए गए है क्यूआर कोड, यूपीआई पिन कोड और मोबाइल फोन नम्बर।

भीम (BHIM) ऐप को अभी फिलहाल दो भाषाओं हिंदी और अंग्रेजी में संचालित किया जा सकता है। इस ऐप से प्रतिदिन 20 हजार रुपये और एक बार में 10 हजार रुपये के लेन–देन की सीमा निर्धारित की गई है। डिजिटल लेन–देन के लिए युनिफाईड पेमेंट इंटरफेस पर काम करने वाले इस ऐप से पैसों का लेन–देन करने के लिए बैंक खाते से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाएगा।

इस ऐप के माध्यम से पैसे भेजने के लिए ऐप से अपना अकाउंट नंबर बस एक बार रजिस्टर्ड करना होगा और एक यूपीआई (UPI) पिन कोड जनरेट करना होगा। इसके बाद हर बार खाता नंबर डालने की जरूरत होगी और मोबाइल नंबर ही खाता बन जाएगा जिससे रुपये सीधे बैंक खाते में जमा होंगे।

प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया कैंपेन के तहत लोगो को जोड़ने की यह एक अनूठी पहल है। इससे देश को कई फायदे होने वाले है जैसे ब्लैक मनी और जाली मुद्रा के चलन में कमी आएगी और साथ ही इसे ट्रेस करने में आसानी होगी। लोगों को नकद लेनदेन में होने वाली समस्याओं से भी निज़ात मिलेगी।

# सर्दी में शुरू हुई चुनावी सरगर्मी

पाँच राज्यों में होने वाले चुनावी तारीखों की अटकलों पर विराम लगाते हुए केंद्रीय चुनाव आयुक्त नसीम जैदी ने आखिरकार 4 जनवरी को चुनावी तारीखों की घोषणा कर दी। तारीखों के ऐलान से साथ ही पाँचों राज्यों में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई। इसके साथ ही राजनीतिक पार्टियों ने भी अपनी रणनीति तेज कर दी। कोई पार्टी कुछ राज्यों में पहली बार अपना दमखम दिखाएगी तो वहीं कुछ पार्टियां अपना पुराना वर्चस्व कायम करने की कोशिश करेंगी और नोटबंदी से जीत का ऊंट किस करवट बैठेगा इसका पता भी मतगणना की तिथि 11 मार्च को ही चलेगा।

पाँच राज्यों में होने वाला चुनाव एक से सात चरणों में होगा। उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होगा वहीं देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव सात चरणों में और पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में चुनाव दो चरणों में होगा। पंजाब में 117 सीटों और गोवा में 40 सीटों के लिए चुनाव 4 फरवरी को एक ही दिन संपन्न होंगे जबकि उत्तराखंड में 70 सीटों के लिए मतदान 15 फरवरी को संपन्न होगा। उत्तर प्रदेश में 403 सीटों के लिए मतदान क्रमशः 11, 15, 19, 23, 27 फरवरी, 4 मार्च और 8 मार्च को होगा वहीं मणिपुर में 60 सीटों के लिए मतदान 4 मार्च और 8 मार्च को ही होगा। सभी राज्यों के मतदान की मतगणना 11 मार्च के दिन होगी।

18 मार्च से 27 मई तक इन सभी पाँच राज्यों के विधानसभाओं का कार्यकाल समाप्त होगा। पंजाब, गोवा और मणिपुर की विधानसभाओं का कार्यकाल 18 मार्च को समाप्त होगा वहीं उत्तराखंड की विधानसभा का कार्यकाल 26 मार्च को और उत्तर प्रदेश की विधानसभा का कार्यकाल 27 मई को पूरा होगा।

# सफलता के नए आयाम की ओर अग्रसर

## कामधेनु लिमिटेड की रिटेल एंटिटी

ROYALE AFFAIRE
Diamond Jewels by Ishita A Jain

कॉर्पोरेट सिद्धांतों पर आधारित, तेज गति से आगे बढ़ रही कंपनी कामधेनु लिमिटेड आज भारत के कोने कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज़ करते हुए विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है, जो मुख्य रूप से बिल्डिंग निर्माण से जुड़े हैं। निरंतर अपनी प्रोडक्ट रेंज में नए उत्पादों को शुमार करने के बाद, अब कामधेनु लिमिटेड रिटेल क्षेत्र में भी अपनी पैठ जमाने की ओर अग्रसर है। कामधेनु का इलीट डायमंड ज्वेलरी ब्रांड 'रॉयल अफ़ेयर' एक बहुत ही छोटे अंतराल में रिटेल सैक्टर में साख़ जमा चुका है।

रॉयल अफ़ेयर की ओनर इशिता अग्रवाल जैन D/o श्री सुनील अग्रवाल, डायरेक्टर, कामधेनु लिमिटेड, इसे अपना बहुत बड़ा एम्बिशन मानती आई हैं और डायमंड ज्वेलरी में अपनी क्रिएटिव एप्रोच का उदहारण देते हुए अपनी ज्वेलरी डिजाइन में एक अरिस्टोक्रेसी और इलीट अपील को तवज्ज़ो देती हैं।

रॉयल अफ़ेयर की प्रोडक्ट रेंज में डायमंड इयर रिंग, नेकलेस, पेंडेंट, कंगन, ब्रेसलेट, अंगूठी, घड़ियाँ, सॉलिटेयर, कनवर्टिबल, पेंडेंट सेट्स आदि शामिल हैं। रॉयल अफ़ेयर के मुंबई में बेस्ड ज्वेलरी डिज़ाइनर बेहतरीन डिज़ाइन पर काम करते हैं जो कंटेम्परी होने के साथ साथ कहीं न कहीं ट्रेडिशनल क्लासिकल डिज़ाइन से भी जुड़ी हैं। गोल्ड, वाइट गोल्ड, प्रेशियस और सेमी–प्रेशियस स्टोन में जड़े डायमंड अपनी कटाई, चमक और कैरट के पैरामीटर्स के कारण सभी मानकों पर खरे उतरते हैं। बतौर इशिता अग्रवाल, "ख़ूबसूरती एक बहुत ही ख़ास चीज है जिसे और भी खास बनाता है हमारा खुद को प्रेजेंट करने का सलीका, जो आत्म–विश्वास के साथ साथ आपकी अटायर पर भी निर्भर करता है।" रॉयल अफ़ेयर का हर एक प्रोडक्ट हर प्रोडक्शन स्टेज पर एक सख्त क्वालिटी चेक से गुजरता है ताकि ग्राहकों को उत्तम क्वालिटी के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हो सकें।

इसके साथ एक प्रोडक्ट सर्टिफिकेट दिया जाता है जिसमें डायमंड का साइज और क्वालिटी के डिटेल के साथ साथ गोल्ड की हॉलमार्किंग का ब्यौरा भी होता है।

कामधेनु लिमिटेड अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटरों को खास तवज्ज़ो देते रहे हैं और इसी क्रम में एक और उदाहरण है उनका रॉयल अफ़ेयर ऑफर। इस ऑफर के अंतर्गत उन्हें डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 10% डिस्काउंट मिलेगा। यह ऑफर कामधेनु परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी मान्य है।

रॉयल अफ़ेयर का प्रमुख फोकस इस मिथ को मिटाना है कि बेहतरीन ज्वेलरी हमेशा बहुत महँगी होती है। तभी कंपनी ने अपने प्रोडक्ट्स किफ़ायती दामों में उत्कृष्ट क्वालिटी के साथ उतारे हैं।

कामधेनु लिमिटेड मौजूदा सैक्टरों की तरह रिटेल में भी अपना नाम टॉप डायमंड ज्वेलरी ब्रांड्स में शामिल कर चुके हैं और आगे भी नए तरह के बिजनस सेग्मेंट्स को आजमाने में हमेशा प्रयासरत रहेंगे।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.01.2017


# सेकेंडरी सेल्स सपोर्ट से बढ़ी कामधेनु पेंट्स की सेल्स एवं पेंटिंग कान्ट्रेक्टर्स में जागरूकता

## एक शानदार स्ट्रेटेजी कॉम्बो



एक छोटे से अंतराल में भारतीय पेंट बाज़ार में दिग्गज कंपनियों में शुमार होना और इस उपलब्धि के साथ लगातार आगे बढ़ते रहना एक रोमांचित एवं गर्वित करने वाला अनुभव है और यही अनुभव कामधेनु ने हासिल किया है। कामधेनु पेंट्स हमेशा ही अपनी उपलब्धियों का श्रेय अपने ग्राहकों, उत्पादों और डीलर्स को देती है साथ ही अपनी उपलब्धियों में इनको साझीदार मानती है। कंपनी हमेशा ही प्रयास करती है कि वह अपने ग्राहकों तक अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पहुंचाए जिससे ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पादों की बेहतरीन श्रृंखला प्राप्त हो और उन्हें ऐसी कंपनी से जुड़ने का मौका मिले जो ग्राहकोन्मुखी विचारधारा के साथ अपना व्यवसाय कर रही है।

अपनी सेल्स को बढ़ावा देने के लिए,कामधेनु पेंट्स ने एक और प्रमुख कदम बढया है और एक स्कीम लांच की है जिसका नाम है 'टारगेट का बादशाह'। पेंट सेक्टर की कंपनियों के द्वारा आज तक की यह पहली ऐसी स्कीम है जिससे एक साथ दो दो फायदे हो रहे हैं और अनोखेपन के कारण यह खासी प्रचलित भी हो रही है। इस स्कीम के तहत डीलर पांच–छह महीने के अंतराल तक कामधेनु पेंट्स के कुछ प्रीमियम उत्पाद खरीदेंगे और बेचेंगे जिसके बाद वे एक गाला इवेंट के लिए क्वालीफाई कर जायेंगे। पहले हुए इसी तरह के इवेंट में डीलर्स को सोनू निगम, सुनिधि चौहान, नेहा कक्कड़ जैसे सेलिब्रिटीज के द्वारा म्यूजिक कॉन्सर्ट के साथ साथ बॉलीवुड स्टार्स जैसे बिपाशा बासु, करिश्मा कपूर, कंगना रानौत, प्रीति जिंटा आदि के साथ फोटोशूट कराने का मौका मिला। इस रोमांच और मौज मस्ती से भरे गाला इवेंट में टॉप परफोर्मिंग डीलरों को टॉप मैनेजमेंट के द्वारा ट्रॉफी भी दी जाती है। पिछले तीन सालों में, चार इवेंट्स ओर्गनाइज किये गए और मई 2017 में यह पहली बार होगा जब **'टारगेट का बादशाह'** विदेश में सेलिब्रेट किया जायेगा। इस बार दुबई में मई महीने में तीन–चार दिन लम्बे रोमांच और उत्साह से भरपूर इवेंट में इसको आयोजित किया जायेगा।

वहीं दूसरी ओर पेंटिंग कांट्रेक्टरों को उत्पाद श्रेणी से जुड़े नए ऑफरों के बारे में एजुकेट और अपडेट करने के लिए कामधेनु पेंट्स ने अपना सु–व्यवस्थित सेकेंडरी सेल्स सर्विस सेंटर निर्मित करने का इनिशिएटिव लिया है, जिसके तहत सेकेंडरी सेल्स में बढ़ोत्तरी हो रही है। पेंटिंग कांट्रेक्टरों की सुविधा के लिए उन्होंने **टोल फ्री नं. 18001022676** भी जारी किया है।

कामधेनु के पास देश भर से बीस हजार से अधिक पेंटरों का रजिस्टर्ड डाटा उपलब्ध है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस कदम के तत्काल प्रभाव के कई फायदे हैं जैसे स्कीम और ऑफरों की जानकारी बहुत ही कम समय में बिना किसी ख़ामी के साथ पेंटिंग कॉन्ट्रेक्टर्स तक पहुंचेगी। दो तीन दिन के पश्चात फॉलोअप के द्वारा पेंटरों के कामधेनु पेंट्स उत्पाद खरीदे जाने की जानकारी ली जाएगी। सेकेंडरी सेल्स सेंटर के तत्काल प्रभाव से प्रचलित होने के कारण डीलर्स को कामधेनु पेंट्स के उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक रखने लगे हैं जिससे कंपनी की सेल्स में सीधी बढ़ोत्तरी हो रही है। **साथ ही, पेंटरों के बीच प्रोडक्ट क्वालिटी, प्रोडक्ट के रेंज तथा उनके इस्तेमाल के सही तरीके की जानकारी भी पहुँचती है। इस तरीके से यह व्यवस्था पेंटरों को उत्पादों के बारे में जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।**

यह इनिशिएटिव पेंटिंग कॉन्ट्रेक्टर्स के बीच कंपनी की लोकप्रियता में वृद्धि करने का अपने आप में एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। इस इनिशिएटिव से पेंटिंग कॉन्ट्रेक्टर्स डीलर से जाकर कामधेनु पेंट की डिमांड करते हैं जिससे डीलर्स के द्वारा कम्पनी को साथ यह सूचना साझा की जा रही है कि मार्किट में पेंटर्स के द्वारा कामधेनु पेंट की डिमांड में तेजी आ रही है। **इस व्यवस्था में जिन डीलर्स ने कामधेनु पेंट्स में अपने कॉन्ट्रैक्टर के साथ रजिस्ट्रेशन कराया है, उनके सेल्स में भी बढ़ोत्तरी हुई है।**




**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

| श्री प्रियांषू मौर्य | श्री बूटा सिंह | श्री अनीष |
|---|---|---|
| मेसर्स आदिनैक्स इण्टरप्राइजेज़ | मेसर्स जिन्दल इण्टरप्राइजेज़ | मेसर्स विहान ट्रेडर्स |
| गुरूनानक मार्किट बाई पास रोड, कोहली चौक, अपरा बज़ार, मोहाली | ग्रेन मार्किट, निहालसिंहवाला | नियर फौजी टेलर वार्ड नं. 6, बारीवाला, जिला मुक्तसर |
| मो. 7009353646 | मो. 9855364067 | मो. 9463106200 |

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092